विशेष सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ

# स्थापना दिवस पर हुई स्वास्थ्य जांच

पत्रिका सोशल प्राइड

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

बेंगलूरु. कर्मचारी राज्य बीमा निगम क्षेत्रीय कार्यालय में निगम के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विशेष सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर कार्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान शिविर तथा सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें कार्यालय के कर्मचारियों ने स्वास्थ्य जांच करवाई तथा परामर्श लिया। रक्तदान में भी कार्मिकों ने बढ-चढ़ कर भाग लिया।



## ये रहे मौजूद

सेमिनार कार्यक्रम में के.वी. शेखर राजू, निगम सदस्य, कंठमूर्ति, अध्यक्ष, हिंद मजदूर संघ, जयराम के.आर., संयुक्त सचिव, वस्त्र उद्योग कर्मचारी संघ, डॉ. सुनीता चोपड़ा, चिकित्सा आयुक्त (दक्षिण क्षेत्र) तथा अनिल कुमार साहू, अपर आयुक्त एवं क्षेत्रीय निदेशक उपस्थित थे।

## विचार व्यक्त किए

अपर आयुक्त एवं क्षेत्रीय निदेशक ने कहा कि निगम एक मिशनरी के रूप में सभी कामगारों को स्वास्थ्य तथा सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्यरत है। मजदूर संघ के अध्यक्ष कंठमूर्ति ने कहा कि हम पढ़े-लिखे लोगों का उत्तरदायित्व है कि देश के दूसरे लोगों को ऊपर उठाने में सहायता करें। जयराम, संयुक्त सचिव, वस्त्र उद्योग कर्मचारी संघ ने भी विचार व्यक्त किए। संचालन शर्मिला ने किया। स्वागत श्वेता सिन्हा ने किया तथा आभार रण सिंह ने जताया।

दक्षिण भारत का हिंदी दैनिक
दक्षिण भारत राष्ट्रमत

epaper.dakshinbharat.com
25 Feb 2023 - Page 8



# कर्मचारी राज्य बीमा निगम के स्थापना दिवस पर हुए अनेक कार्यक्रम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्मचारी राज्य बीमा निगम क्षेत्रीय कार्यालय कर्नाटक निगम के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विशेष सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन के इस अवसर पर कार्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान शिविर तथा सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें कार्यालय के कार्मिकों ने अपने स्वास्थ्यकी जांच करवाई तथा चिकित्सकों से स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श लिया। रक्तदान में भी कार्मिकों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

सेमिनार निगम सदस्य में केवी शेखर राजू, हिंद मजदूर संघ के अध्यक्ष कंठमूर्ति, वस्त्र उद्योग कर्मचारी संघ के संयुक्त सचिव जयराम के.आर., चिकित्सा आयुक्त (दक्षिण क्षेत्र) डॉ. सुनीता चोपड़ा,तथा अपर आयुक्त एवं क्षेत्रीय निदेशक अनिलकुमार साहू उपस्थित थे।

इस मौके पर अपर आयुक्त एवं क्षेत्रीय निदेशक महोदय अनिल साहू ने कहा कि निगम एक मिशनरी केरुप में सभी कामगार, जो देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, उनको स्वास्थ्य तथा सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए कर्तव्यनिष्ठ एवं संकल्पबद्ध होकर कार्यरत है। मजदूर संघ के अध्यक्ष कंठमूर्ति ने कहा कि हम पढ़े-लिखे लोगों का उत्तरदायित्व है कि देश के दूसरे लोगों को ऊपर उठाने में सहायता करें।

संयुक्त सचिव जयराम ने कहा कि निगम बीमाकृत व्यक्तियों के लिए एक वरदान के समान है। फीडबैक के माध्यम से इसे और भी अच्छा बनाया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन शर्मिला ने किया। स्वागत श्वेता सिन्हा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन रणसिंह ने किया।